nt>

Title: Regarding the need to distribute vacant agricultural land among the scheduled caste people.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। अनुसूचित जाति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश में 45 करोड़ एकड़ भूमि बंजर है, जब कि 20 करोड़ एकड़ भूमि एक-दो वाँ में खेती योग्य बनाई जा सकती है, जिसमें सरकार इसके लिए उपाय करे, संसाधन जुटाए। पूरे देश में चार करोड़ अनुसूचित के लोगों को पांच एकड़ के हिसाब से जमीन वितरित की जा सकती है।

महोदय, मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करूंगा कि ऐसा कोई कानून बनाएं। हालांकि भूमि का मामला राज्य सरकार से जुड़ा हुआ है, लेकिन प्राइम मिनिस्टर साहब सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक बैठक बुला कर जितनी बंजर एवं बेकार भूमि पड़ी हुई है, उसे अनुसूचित जाति के लोगों में वितरित कर दें तो उससे एक सामाजिक क्रांति आएगी और लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Shri Bir Singh Mahato − Not present.